भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 485

25 जून, 2019 को उत्तरार्थ

विषय: प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना हेतु पात्रता

485. श्री सुनील कुमार सिंहः

श्री रविंद्र श्यामनारायण उर्फ रवि किशनः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पी॰एम॰किसान) योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों हेतु निर्धरित पात्रता मापदण्ड का ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या अब तक कितनी है और उत्तर प्रदेश के जिलों और झारखण्ड के चतरा, लाटेहार और पलामू जिलों सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त योजना को उन राज्यों में लागू करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं, जहां यह लागू नहीं है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) देश में सभी भू-धारक किसानों के परिवार पीएम-किसान स्कीम के पात्र हैं, जिसमें निम्नलिखित अपवाद मानदंड के तहत कवर किए गए लोग शामिल नहीं हैं:

I. सभी संस्थागत भू-धारक; तथा

II. वे किसान परिवार जिनमें इसके एक या अधिक सदस्य निम्नलिखित श्रेणी के हैं:

(i) संवैधानिक पदों के पूर्व तथा मौजूदा धारक

(ii) पूर्व/मौजूदा मंत्री/राज्य मंत्री तथा लोकसभा/राज्यसभा/राज्य विधान सभा/राज्य विधान परिषद के पूर्व/मौजूदा सदस्य, नगरपालिका निगमों के पूर्व तथा मौजूदा महापौर तथा जिला पंचायतों के मौजूदा अध्यक्ष।

(iii) केन्द्र/राज्य सरकार मंत्रालय/कार्यालय/विभागों के सेवारत अथवा सेवानिवृत्त अधिकारी तथा कर्मचारी एवं इसकी फील्ड यूनिट केन्द्र अथवा राज्य पीएसई तथा सरकार के

तहत संबद्ध कार्यालय/स्वायत्त संस्था के साथ-साथ स्थानीय निकायों (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह घ कर्मचारी को छोड़कर) के नियमित कर्मचारी।

(iv) सभी वयोवृद्ध, सेवानिवृत्त पेंशनर जिनकी मासिक पेंशन 10000 रुपये अथवा अधिक है (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह घ कर्मचारी को छोड़कर)।

(v) सभी व्यक्ति जिन्होंने पिछले आकलन वर्ष में आय कर का भुगतान किया है।

(vi) पेशेवर डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टर्ड एकांउंटेंट तथा वास्तुकार जैसे पेशेवर जो पेशेवर निकायों में पंजीकृत हैं तथा अपने पेशे का व्यवसाय कर रहे हैं।

(ख) अब तक की स्थिति के अनुसार, पीएम-किसान स्कीम के तहत 3,33,14,898 तथा 2,89,59,068 किसान के परिवारों ने क्रमश: पहली तथा दूसरी किस्तों का लाभ लिया है। झारखंड के लाभार्थियों सहित इस स्कीम के तहत वित्तीय लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या को दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध-I** पर संलग्न है। झारखंड के छतरा, लाटेहार, पलामू तथा उत्तर प्रदेश के जिलों के लाभार्थियों के विवरण को दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध-II** पर संलग्न है।

(ग) सरकार उन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों जिन्होंने अभी तक योजना की शुरूआत नहीं की है, सहित सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग, वास्तविक बैठकों, रूबरू बैठकों और एक माह के दौरान बार-बार ई-मेल के माध्यम से नियमित बैठकें आयोजित कर रही है और उनसे किसानों के आंकड़े पीएम-किसान पोर्टल शीघ्र अपलोड करने का आग्रह कर रही है ताकि लाभार्थी किसानों को इसका लाभ प्राप्त करने में समर्थ बनाया जा सके।

लो.स.अता.प्र.सं.485

अनुबंध-I

राज्य	पहली किस्त का भुगतान (लाभार्थियों की संख्या)	पहली किस्त का भुगतान (राशि) (रुपये में)	दूसरी किस्त का भुगतान (लाभार्थियों की संख्या)	दूसरी किस्त का भुगतान (राशि) (रुपये में)
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	10,004	20,008,000		0
आंध्र प्रदेश	3,443,116	6,886,232,000	3,126,852	6,253,704,000
अरुणाचल प्रदेश	0	0		0
असम	1,119,983	2,239,966,000	1,029,438	2,058,876,000
बिहार	231,873	463,746,000	219,136	438,272,000
चंडीगढ़	13	26,000		0
छत्तीसगढ़	111,898	223,796,000	109,434	218,868,000
दादरा और नगर हवेली	5,322	10,644,000		0
दमन और दीव	2,119	4,238,000		0
दिल्ली	0	0		0
गोवा	2,385	4,770,000	2,336	4,672,000
गुजरात	2,832,336	5,664,672,000	2,821,569	5,643,138,000
हरियाणा	942,052	1,884,104,000	935,929	1,871,858,000
हिमाचल प्रदेश	474,763	949,526,000	438,256	876,512,000
जम्मू एवं कश्मीर	497,204	994,408,000	459,593	919,186,000
झारखंड	470,307	940,614,000		0
कर्नाटक	320,721	641,442,000	231,847	463,694,000
केरल	935,786	1,871,572,000	931,661	1,863,322,000
लक्षद्वीप	0	0		0
मध्य प्रदेश	9,304	18,608,000		0
महाराष्ट्र	2,129,137	4,258,274,000	1,418,119	2,836,238,000
मणिपुर	7,276	14,552,000		0
मेघालय	76	152,000		0
मिजोरम	24,410	48,820,000	11,931	23,862,000
नागालैंड	33,554	67,108,000	30,459	60,918,000
ओडिशा	962,115	1,924,230,000	799,293	1,598,586,000
पुडुचेरी	4,200	8,400,000		0
पंजाब	1,275,440	2,550,880,000	1,144,648	2,289,296,000
राजस्थान	1,493,023	2,986,046,000		0
सिक्किम		0		0
तमिलनाडु	2,148,504	4,297,008,000	2,063,192	4,126,384,000
तेलंगाना	2,110,887	4,221,774,000	1,858,210	3,716,420,000
त्रिपुरा	151,095	302,190,000	151,064	302,128,000
उत्तर प्रदेश	11,169,349	22,338,698,000	10,848,667	21,697,334,000
उत्तराखंड	396,646	793,292,000	327,434	654,868,000
पश्चिम बंगाल	0	0	0	0
कुल	**33,314,898**	**66,629,796,000**	**28,959,068**	**57,918,136,000**

लो.स.अता.प्र.सं.485

अनुबंध-II

झारखंड		
जिला	**लाभार्थियों की संख्या**	
	प्रथम किस्त	**दूसरी किस्त**
चतरा	36951	27213
लातेहार	18147	12871
पलामू	28717	16252

उत्तर प्रदेश		
जिला	**लाभार्थियों की संख्या**	
	प्रथम किस्त	**दूसरी किस्त**
आगरा	191802	188556
अलीगढ़	156255	153476
इलाहाबाद	223977	214077
अम्बेडकर नागर	129896	121335
अमेठी	140831	135729
अमरोहा	99470	97928
औरैया	81864	80414
आजमगढ़	306027	294875
बागपत	58107	53175
बहराइच	232303	228383
बलिया	125053	120474
बलरामपुर	148627	145805
बांदा	93875	91593
बाराबंकी	196028	192063
बरेली	206699	195007
बस्ती	171837	170501
भदोही	77156	74551
बिजनौर	182561	176451
शाहजहांपुर	187893	183689
बुलंदशहर	190171	186082
चंदौली	96561	94366
चित्रकूट	79084	77703
देवरिया	209955	205563
एटा	124604	122253
इटावा	116948	113039
फैजाबाद	163651	157236
फर्रुखाबाद	105911	103741
फतेहपुर	110667	102292
फिरोजाबाद	129560	126900
गौतम बुड्ढा नागर	25401	24963
गाज़ियाबाद	31918	30390
गाजीपुर	225590	220264

गोंडा	258106	253140
गोरखपुर	158461	155488
हमीरपुर	97636	93732
हापुड़	62009	59778
हरदोई	346187	339542
हाथरस	86778	83841
जालौन	94829	93003
जौनपुर	275841	267233
झांसी	108894	107780
कन्नौज	104843	100102
कनपुर देहात	144162	136669
कनपुर नागर	141802	136826
कासगंज	102541	99988
कौशाम्बी	126090	120453
खेरी	309855	304886
कुशी नागर	212893	209558
ललितपुर	98479	97549
लखनऊ	106106	103489
महाराजगंज	182661	178085
महोबा	50652	49837
मैनपुरी	141192	137764
मथुरा	119624	116356
मऊ	99832	98048
मेरठ	81937	76410
मिर्जापुर	185517	180367
मुरादाबाद	148212	146879
मुजफ्फरनगर	111220	106811
पीलीभीत	132152	127425
प्रतापगढ़	250688	240764
रायबरेली	263269	256501
रामपुर	125837	122070
सहारनपुर	164487	159101
संभल	123988	122757
संत कबीर नगर	91291	89273
शाहजहांपुर	225158	218700
शामली	30941	30259
श्रावस्ती	72930	71443
सिद्धार्थ नागर	130667	127236
सीतापुर	335365	324534
सोनभद्र	113275	110458
सुल्तानपुर	189969	179227
उन्नाव	252523	244667
वाराणसी	90166	87762

****